प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
03.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

'' मुख्य समाचार''

- केन्द्रीय सूचना व प्रसारण सचिव संजय जाजू ने कहा–वेव्स बाजार–2025 ने किया एक हज़ार करोड़ से अधिक का कारोबार।
- नगर निगम शिमला की अदालत ने संजौली स्थित विवादित मस्जिद का पूरा ढांचा गिराने के दिए आदेश।
- कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा–चाय उद्योग के उत्थान के लिए हरसंभव सहायता देगी प्रदेश सरकार।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–प्रदेश सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर व्यवस्था का बनाया मजाक।

मीडिया और मनोरंजन

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व कर सकता है। उन्होंने कहा कि कई वैश्विक कंपनियों ने इस संबंध में भारत के साथ काम करने की इच्छा जताई है। गूगल, मेटा और मॉइक्रोसोफट सहित सात वैश्विक फर्मों ने आज मुंबई में वेव्स शिखर सम्मेलन के दौरान भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस बीच सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने देशभर में हो रहे कम्युनिटी रेडियो के कार्यों की प्रशंसा की है। वह आज वेव्स में कम्युनिटी रेडियो सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस बीच सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू ने कहा कि वेव्स बाजार 2025 ने एक हजार करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया है। उन्होंने कहा कि वेव्स बाजार में शीर्ष स्तर की कंपनियां भाग ले रही हैं।

मस्जिद

नगर निगम शिमला के आयुक्त की अदालत ने संजौली की विवादित मस्जिद का पूरा ढांचा गिराने के आदेश दिए हैं। निगम आयुक्त की अदालत ने आज इस संबंध में अपना फैसला सुनाया। निगम आयुक्त की अदालत के फैसले की जानकारी देते हुए अधिवक्ता जगतपाल सिंह ने बताया कि वक्फ बोर्ड को आज मस्जिद की जमीन पर मालिकाना हक के कागजात और मस्जिद का नक्शा अदालत में पेश करने को कहा गया था लेकिन वक्फ बोर्ड के वकील ने न तो सही दस्तावेज दिए और न ही अपना पक्ष मज़बूती से रख पाए। इसके बाद निगम आयुक्त ने पूरी मस्जिद को तोड़ने के आदेश दिए हैं।

जगत सिंह

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने अधिकारियों को किन्नौर ज़िला के लोगों की सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निपटान सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए हैं ताकि उन्हें प्रदेश सरकार द्वारा आरंभ किए गए विकास कार्यों का लाभ मिल सके। जगत सिंह नेगी आज रिकांगपिओ में ज़िला शिकायत निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विभिन्न जनकल्याणकारी नीतियों और योजनाओं के माध्यम से समस्त प्रदेश के लोगों के कल्याण और सुविधा के लिए तत्परता से कार्य कर रही है।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व हमीरपुर से भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि हिमालय क्षेत्र में ग्लेशियर झीलों का बढ़ना पर्वतीय समुदाय के लिए गंभीर खतरा है। अनुराग ठाकुर आज नई दिल्ली में आर्कटिक सर्किल कार्यक्रम में ध्रुवीय क्षेत्रों को भारत के अपने जलवायु और भविष्य से जोड़ने व आर्कटिक और हिमालय के बीच गहरे संबंधों पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अकेले हिमाचल प्रदेश में ही ग्लेशियर

झीलों की संख्या वर्ष 2005 में एक सौ 27 से बढ़कर वर्ष 2015 में एक सौ 56 हो गई है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि आर्कटिक में जो कुछ भी होता है वह आर्कटिक तक ही सीमित नहीं रहता बल्कि इसका प्रभाव भारत जैसे देश पर भी पड़ता है जो आर्कटिक से बहुत दूर है।

बिक्रम ठाकुर

भाजपा के वरिष्ठ नेता व विधायक बिक्रम ठाकुर ने कहा है कि हिमाचल कांग्रेस की कुनीतियों का सबसे बड़ा शिकार बना है। बिक्रम ठाकुर ने आज शिमला में एक बयान में कहा कि भाजपा सरकार में प्रदेश औद्योगिक निवेश का केन्द्र बन रहा था लेकिन अब उद्योगपति हिमाचल से पलायन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रोजगार के अवसर समाप्त हो रहे हैं और सरकार मंदिरों पर टैक्स लगाकर श्रद्धालुओं की आस्था पर हमले कर रही है। बिक्रम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार ने झूठ बोलने के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। कांग्रेस पांच साल में 5 लाख सरकारी नौकरियां देने की गारंटी पर सत्ता में आई थी लेकिन अब सरकार इसके विपरीत सरकारी नौकरियां ही खत्म कर रही है। उन्होंने चूड़धार यात्रा पर जाने वाले लोगों पर टैक्स लगाने के सरकार के फैसले को एक धर्म विशेष लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ करार दिया।

चंद्र कुमार

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि प्रदेश सरकार चाय उद्योग के उत्थान के लिए हरसंभव मदद देगी। चंद्र कुमार ने आज पालमपुर में हिमाचल प्रदेश टी डेवलपमेंट बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि चाय उत्पादन के उत्थान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने आईएचबीटी पालमपुर द्वारा विकसित की गई चाय की किस्म को कृषि विभाग के चाय विंग के साथ मिलकर पूर्णतः तकनीकी सहयोग कर चाय उत्पादकों के बागीचों में प्रदर्शनी फार्म तैयार करने के भी निर्देश दिए। चंद्र कुमार ने चाय उत्पादकों से बदलते पर्यावरण के अनुसार पौधों का रखरखाव करने को कहा। चंद्र कुमार ने चाय की मार्केटिंग के लिए इंडियन टी बोर्ड का सहयोग लेने का भी सुझाव दिया।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर व्यवस्था का ही मजाक बना दिया है। नेता प्रतिपक्ष ने आज शिमला में आरोप लगाया कि सरकार शराब बेचने के लिए नगर निगम शिमला और अन्य नगर निगमों को बाध्य कर रही है। नगर निगम शिमला में ही सरकार ने एक जेई, सात इंसपेक्टर, 18 होमगार्ड और 20 से ज्यादा कर्मचारियों की डयूटी शराब बेचने में लगा दी है जिस कारण ऑफिस में काम करने वाला कोई नहीं रह गया है और लोग बिना काम करवाए मायूस होकर लौट रहे हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों को वेतन के लिए धरने देने पर मजबूर कर दिया है। उन्होंने कहा कि जिन शिक्षकों का काम पढ़ाना है वह अपने वेतन के लिए प्रदर्शन कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू से आग्रह किया है कि वे व्यवस्था परिवर्तन का नारा देकर व्यवस्थाओं का पतन न करें।

आर.एस बाली

हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आर.एस बाली ने कहा कि प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए कारगर कदम उठा रही है। इसके लिए खेलों के क्षेत्र में आधारभूत सुविधाएं जुटाई जा रही हैं। बाली आज आईटीआई बड़ोह में ज़िला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को अपने जीवन में किसी न किसी खेल में अवश्य भाग लेना चाहिए, क्योंकि इससे तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। उन्होंने इस मौके पर विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कृत भी किया।

विनोद सुल्तानपुरी

कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने कहा है कि प्रदेश सरकार जनसमस्याओं का समयबद्ध निपटारा करने के लिए प्रयासरत्त है। उन्होंने आज कसौली विधानसभा क्षेत्र की हरिपुर पंचायत में हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड द्वारा आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते

हुए कहा कि लोग सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि ज़िला, उपमंडल, खंड और ग्राम स्तर तक सभी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध है और लोगों को इनका लाभ उठाना चाहिए। कार्यक्रम को बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने भी संबोधित किया।

धर्मशाला मैच

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में कल होने वाले आईपीएल मुकाबले में पंजाब किंग्स का मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ होगा। ये मैच भारतीय समयानुसार शाम साढे सात बजे से शुरू होगा। इससे पहले लखनऊ सुपरजायंटस की टीम ने कल शाम के सत्र में अभ्यास किया और पिच की जानकारी ली।

मार्ग बहाल कार्य

चंबा– पांगी वाया किलाड़ साच पास मार्ग को बहाल करने के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा युद्ध स्तर पर कार्य जारी है। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि साच दर्रे को जून माह तक वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि समुद्र तल से करीब 14 हजार 500 फीट की ऊंचाई पर स्थित साच दर्रे से भारी बर्फ को हटाना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती है, जिनमें करीब 15 छोटे बड़े गलेशियर है।

" मुख्य समाचार एक बार फिर"

- केन्द्रीय सूचना व प्रसारण सचिव संजय जाजू ने कहा–वेव्स बाजार–2025 ने किया एक हज़ार करोड़ से अधिक का कारोबार।
- नगर निगम शिमला की अदालत ने संजौली स्थित विवादित मस्जिद का पूरा ढांचा गिराने के दिए आदेश।
- कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा–चाय उद्योग के उत्थान के लिए हरसंभव सहायता देगी प्रदेश सरकार।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–प्रदेश सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर व्यवस्था का बनाया मजाक।